

नवभारत 04
इंदौर, शनिवार, 14 मार्च, 2025

एक नजर में

## वैकल्पिक ईंधन संसाधनों का उपयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें : कलेक्टर



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के सभी होटल-रेस्टोरेंट संचालकों तथा पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ईंधन की उपलब्धता और वैकल्पिक संसाधनों के उपयोग पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से गैस सिलेंडर की उपलब्धता और संचालन में उपयोग किए जा रहे वैकल्पिक संसाधनों के बारे में जानकारी ली। कुछ संचालकों ने बताया कि वे एलपीजी गैस के विकल्प के रूप में डीजल भट्टी और इंडक्शन चूल्हों का उपयोग कर रहे हैं। कलेक्टर ने सभी संचालकों से आग्रह किया कि व्यवसाय को बाधित होने से बचाने के लिए ईंधन के वैकल्पिक संसाधनों का उपयोग करें और विपरीत परिस्थितियों में प्रशासन का सहयोग करें। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि वर्तमान स्थिति में चिकित्सालय और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को कमर्शियल एलपीजी गैस की आपूर्ति अस्थायी रूप से नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वाणिज्यिक संस्थानों में घ`लू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जाए। बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों से जिले में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। संचालकों ने बताया कि जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने निर्देश दिए कि पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक जमाखोरी न होने दें और उपभोक्ताओं को आवश्यकता अनुसार ही ईंधन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से ईंधन(पेट्रोल, डीजल,घरेलू गैस सिलेंडर) की जमाखोरी या कालाबाजारी करते पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रांतियों पर ध्यान न दें और जिले में गैस सिलेंडर जैसी समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक जिला मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम +917552840602 में संपर्क कर सकते है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र बघेल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार, जिले के होटल और रेस्टोरेंट संचालक, पेट्रोल पंप संचालक तथा खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एआई टूल्स के साथ वीवो वाय51 प्रो 5जी हुआ लॉन्च

इंदौर. वीवो इंडिया ने आज अपने वाय सीरीज़ में नया स्मार्टफोन वीवो वाय51 प्रो 5जी लॉन्च किया. नया वाय51 प्रो उन यूज़र्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं. फोन में बड़ी 7200 एमएएच बैटरी दी गई है और यह मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिपसेट से पावर्ड है. इसमें बेहतर मजबूती के लिए आईपी68 और आईपी69 रेटिंग दी गई है और 50 एमपी एचडी वाइड-एंगल मेन कैमरा के साथ 4के वीडियो रिकॉर्डिंग का सपोर्ट भी मिलता है। वीवो इंडिया के चीफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस ऑफिसर गीताज चन्नाना ने कहा, वीवो में हमारा मानना है कि इनोवेशन ऐसा होना चाहिए जो यूज़र्स के रोजमर्रा के जीवन और काम करने के तरीके को सही मायने में सपोर्ट करे. वाय51 प्रो 5जा को उन यूज़र्स को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है जो पूरे दिन प्रोडक्टिव, कनेक्टेड और एंटरटेंड रहने के लिए अपने स्मार्टफोन पर भरोसा करते हैं.

## अमेज़न ने दो हजार करोड़ से अधिक का वित्तीय लाभ उपलब्ध कराया

इंदौर. अमेजन बिजनेस ने आज बताया कि 2025 में उसने पूरे भारत के व्यवसायों को 2,000 करोड़ से अधिक का वित्तीय मूल्य हासिल करने में मदद की. माइक्रो-एंटरप्राइज और एसएमबी से लेकर बड़े कॉरपोरेशन्स तक, सभी प्रकार की संस्थाओं को अमेजन बिजनेस पर कैशबैक रिवॉर्ड्स, बल्क डिस्काउंट्स और एक्सक्लूसिव डील्स के जरिए फायदा मिला. इस मूल्य का एक बड़ा हिस्सा अमेजन बिजनेस पर मिलने वाली सीमलेस जीएसटी-कम्प्लायंट इनवॉइसिंग से भी आया है, जिसने बिजनेस प्रोक्योरमेंट में लंबे समय से जरूरी पारदर्शिता लाई है. अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर मित्रंजन भदुरी ने कहा हर संगठन, चाहे वह किसी दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र का एक स्पेशलिटी रेस्टोरेंट हो या एक फॉर्च्यून 500 एंटरप्राइज जो हर दिन हजारों परचेज ऑर्डर्स मैनेज करता है, सभी के सामने एक ही जरूरत होती है : कम संसाधनों में अधिक काम करना. अमेजन बिजनेस इस अंतर को कम करता है.

## फ्लिपकार्ट से महिला दिवस पर खरीददारी में 5% सालाना वृद्धि

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले 23 फरवरी से 8 मार्च के बीच फ्लिपकार्ट के फ्लिप ट्रेंड्स में सामने आया कि यह जश्न केवल शुभकामनाओं और संदेशों तक सीमित नहीं था, बल्कि इस अवधि में खरीददारी भी बढ़ी और प्लेटफॉर्म पर मांग में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. मोबाईल, ग्रूमिंग, फूड एवं न्यूट्रिशन जैसी श्रेणियों में मांग तेजी से बढ़ी, जिससे प्रदर्शित होता है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अब केवल एक दिन नहीं मनाया जाता है, बल्कि यह पहचान और खुद में निवेश का कई दिनों तक चलने वाला उत्सव बन गया है. लोकप्रिय प्रोडक्ट्स के ऑर्डर साल-दर-साल 37 प्रतिशत की दर से बढ़े हैं और सर्च में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. इस दौरान खरीददारी में सबसे ज्यादा दिलचस्पी जेन ज़ी ने दिखाई, जिनकी सबसे अधिक रुचि फैशन और लाईफस्टाईल श्रेणियों पर रही, जिसमें साल-दर-साल 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई. फ्लिपकार्ट मिनट्स ने 23 फरवरी से 8 मार्च के बीच काफी अधिक मांग दर्ज की.

## लेवीस के अभियान की आलिया भट्ट के साथ नई शुरुआत

इंदौर. लेवीस ब्रांड अपने 2026 के वैश्विक अभियान बिहाइंड एवरी ओरिजनल' को भारत में लेकर आया है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नज़र आ रही हैं. लेवी स्ट्रॉस कंपनी में साउथ एशिया, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के मैनेजिंग डायरेक्टर, हिरेन गोर ने कहा 150 से अधिक वर्षों से लेविस को उन लोगों ने पहना है जो संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं. बिहाइंड एवरी ओरिजनल अभियान उसी गति के केंद्र में बने रहने की हमारी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है. आलिया भट्ट नई पीढ़ी के 'ओरिजिनल्स' का प्रतिनिधित्व करती हैं—वे आत्मविश्वासी हैं, खुद को परिभाषित करती हैं और बिना किसी संकोच के अपनी असलियत को जीती हैं. यही खूबी उन्हें आज की संस्कृति को आकार देने वाली महिलाओं के लिए एक सशक्त आवाज़ बनाती है. यह अभियान सिर्फ स्टाइल के बारे में नहीं है—यह व्यक्तिगत पहचान का जश्न मनाने और एक नए युग के लिए लेविस को एक प्रमुख डेनिम लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में स्थापित करने के बारे में है.

## रसना ने नया उत्पाद न्यूट्री+ लांच किया

**इंदौर.** भारत के लोकप्रिय पेय ब्रांड रसना ने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए अपना नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ लॉन्च किया है. यह पोषण से भरपूर पाउडर कॉन्सन्ट्रेट ड्रिंक है, जिसे रसना की रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम ने खासतौर पर आधुनिक भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है. रसना के ग्रुप चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि आज के समय में ग्राहक स्वाद और सेहत के बीच किसी एक को चुनना नहीं चाहते और रसना का नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ इन दोनों के बीच संतुलन बनाने का काम करता है. उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि रसना आज भी मेक इन इंडिया की सोच को आगे बढ़ाने वाला ब्रांड है. कंपनी अपने उत्पादों में केवल भारत में उगाए गए फलों का उपयोग करती है. जहां कई कंपनियां अपने उत्पादों के लिए सामग्री विदेशों से मंगाती हैं, वहीं रसना पूरी तरह भारतीय ब्रांड है और गर्व के साथ अपने उत्पादों को दुनिया के 60 से अधिक देशों में निर्यात करता है.

# राहवीर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**आलीराजपुर । कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मार्च माह की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने यातायात एवं पुलिस की संयुक्त टीम को निर्देशित किया कि रात के समय वाहनों की सघन जांच की जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में वाहन न चलाए। उन्होंने कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाए और लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाए।

कलेक्टर माथुर ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा को निर्देश दिए कि जिले के प्रमुख सड़क मार्गों और चौराहों पर मालवाहक भारी वाहनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाए। ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों की नियमित जांच कर चालानी कार्रवाई करने के साथ-साथ वाहनों की फिटनेस जांच भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को शहर में अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई करने तथा हटाए गए अतिक्रमण स्थानों की निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। साथ ही शहर में हाट-बाजार के लिए उचित स्थान चिन्हित कर उसे व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर माथुर ने यातायात पुलिस को नेशनल हाईवे और टोल नाकों के आसपास हेलमेट की सघन जांच करने तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने टोल मार्गों के पास हेलमेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने और हाट-बाजार के दिनों में शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंधन करने को कहा।एमपीआरडीसी अधिकारियों को पोल शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।



बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभी विभागीय अधिकारियों को राहवीर योजना के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाना है। नागरिकों से अपील की गई कि दुर्घटना की जानकारी तुरंत नजदीकी अस्पताल, ट्रामा सेंटर या पुलिस थाने को दें। योजना के तहत घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार(राहवीर) को शासन के नियमानुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री वीरेंद्र बघेल, एसडीओपी श्री अश्विनी कुमार, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री श्री भावेल, नगर पालिका सीएमओ, आरटीओ अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में तीन दिवसीय श्री खाटू श्याम जन्म कथा की आमंत्रण पत्रिकाओं का विमोचन

### श्री खाटू श्यामजी के जन्म से लेकर शीश के दान तक के प्रसंग का होगा वर्णन

**झाबुआ।** करने वाला श्याम कराने वाला श्याम परिवार द्वारा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में जिले में प्रथम बार तीन दिवसीय भव्य श्री खाटू श्याम जन्म कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा आगामी 18 से 20 मार्च तक प्रतिदिन रात 8 से 11 बजे तक शहर के मध्य राजवाड़ा चौक पर आयोजित होगी। जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष सचिन उपाध्याय एवं श्यामप्रेमी रविराजसिंह राठौर ने बताया कि आयोजन की तैयारियों के क्रम में 13 मार्च, शुक्रवार दोपहर 11.30 बजे कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर पर कथा की आमंत्रण पत्रिकाओं का विमोचन आयोजन समिति सदस्यों एवं शहर के श्याम प्रेमियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सभी ने उत्साहपूर्वक भगवान श्री खाटू श्याम के सामूहिक जयघोष भी लगाएं। आयोजन समिति के वीरेंद्रसिंह चौहान के अनुसार उक्त पत्रिकाओं का वितरण कार्य भी आज से ही शुरू किया जाएगा। यह पत्रिकाएं जिलेभर में सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं और समाज प्रमुखों को वितरित की जाएगी और उन्हें तीन दिवसीय श्री श्याम जन्म कथा में पधारने हेतु भावभरा आग्रह किया जाएगा। इसके अलावा कथा के प्रचार-प्रसार हेतु जिलेभर में होर्डिंग्स, बैनर, फ्लेक्स आदि भी लगाए गए है। कथा का वाचन भोपाल से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. मंथन शांडिल्य एवं उनके संगीत मंडल द्वारा किया जाएगा। जिसमें श्री खाटू श्याम प्रभु के जन्म से लेकर शीश के दान तक का वर्णन होगा। यह कथा संगीतमय एवं सुमधुर भजनों के साथ आयोजित होगी। प्रथम दिन 18 मार्च, बुधवार शाम 6 बजे से कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से पोथी यात्रा निकाली जाएगी। रात 8 बजे से राजवाड़ा पर देवी की झांकी के दर्शन बाद कथा वाचक पं. मंथन शांडिल्य द्वारा कथा का वाचन करते हुए बर्बरीक जन्म और देवी दर्शन, वरदान आदि का वर्णन होगा। 19 मार्च, गुरुवार सुबह विशाल प्रभातफेरी एवं हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान राजवाड़ा पर सभी भक्तजनों को नीम के शरबत का वितरण भी होगा।

गुरुवार रात्रि 8 बजे से कथा के दौरान श्री कृष्ण झांकी सजने के साथ श्री बर्बरीक युद्ध प्रसंग एवं श्री कृष्ण संवाद का चित्रण कथावाचक द्वारा किया जाएगा। अंतिम दिवस 20 मार्च, शुक्रवार को श्री राधा-कृष्ण झांकी के दर्शन के साथ श्री श्याम प्रभु के शीश दान का प्रसंग सुनाया जाएगा। *यह रहेगा मुख्य आकर्षण -* कथा में मुख्य आकर्षण कथा स्थल पर श्री खाटू श्याम भगवान का भव्य दरबार सजने के साथ श्री खाटू श्याम भगवान का अलौकिक श्रृंगार श्याम प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन स्थल पर श्याम प्रेमियों पर इत्र, केसर एवं पुष्पों से वर्षा होगी। श्री खाटू श्याम भगवान के ज्योत के दर्शन लगातार तीन दिनों तक भक्तजनों के लिए रहेंगे। करने वाला श्याम कराने वाला श्याम परिवार द्वारा आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रहीं है। आयोजन समिति ने शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी श्याम प्रेमियों से तीन दिवसीय श्री श्याम जन्म कथा में अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।



# दशा माता पूजन में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**झाबुआ।** चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि 13 मार्च, शुक्रवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में दशा माता पर्व परंपरागत तरीके से आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पीपल के वृक्षों की विधि-विधान से पूजन की एवं दशा माता से परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि हेतु कामना की। शुक्रवार सुबह से ही दशा माता पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से महिलाओं ने सज-संवरकर पूजन की थाली सजाकर समीपस्थ पीपल के वृक्षों पर पहुंची और यहां समूह में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। महिलाओं द्वारा पीपल के वृक्षों की हल्दी, कुमकुम, मेहंदी अन्य सामग्रीयों से पूजन कर वृक्षों पर सूत का धागा बांधा गया। बाद वृक्ष की 10 बार परिक्रमा लगाई गई। समूह में महिलाओं ने राजा नल एवं रानी दमयंती की कथा सुनी। यह कथा विद्वान पंडितों एवं वयोवृद्ध महिलाओं द्वारा सुहागिन महिलाओं को सुनाई गई। महिलाओं ने दशा माता से घरों की दशा सुधारने के साथ परिवार में सुख-शांति और समृद्धि हेतु प्रार्थना की।

### पीपल के वृक्षों पर पूजना अर्चना की

इस दिन महिलाओं ने व्रत एवं उपवास भी रखा एवं घरों में बनी दाल-बाटी एवं अन्य विशेष व्यंजन ग्रहण किए। बाजार से झाडू खरीद कर घरों की सफाई की। पीपल के वृक्षों पर पूजा-अर्चना का क्रम शुक्रवार सुबह से लेकर दोपहर बाद तक चलता रहा। *इन स्थानों पर रहीं भीड़ -* शहर के कॉलेज मार्ग स्थित नसिया भवन, अंबे माता मंदिर के पीछे नजर बाग, गोपाल कॉलोनी में गोपाल मंदिर के पास, डीआरपी लाइन में गोपेश्वर महादेव मंदिर के पास, तुलसी गली स्थित प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण, सज्जन रोड पर शगुन गार्डन के पास, लक्ष्मीनगर में श्री योगेश्वर महादेव मंदिर परिसर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में केशव विद्या पीठ स्थित उद्यान, सिद्धेश्वर कॉलोनी में पशु चिकित्सालय परिसर आदि स्थानों पर पीपल के वृक्षों की महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर और समूह में कथा सुनकर दशा माता पर्व उत्साह और उल्लासपूर्वक मनाया। पर्व को लेकर दिनभर उत्साह और बधाई देने का क्रम चलता रहा।

# ग्राम नवापाड़ा भंडारिया में आगजनी की घटना का लिया जायजा



**झाबुआ।** जिले के ग्राम नवापाड़ा भंडारिया में लालिया परमार के यहां हाल ही में आग लगने से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि उन्हें विधायक निधि से सहायता राशि दिलवाई जाएगी, ताकि आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिल सके। निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य पीटरभाई, पूर्व जनपद सदस्य पेमलाभाई, युवा कांग्रेस जिला प्रवक्ता लोकेंद्र बिलवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुनील निनामा आदि उपस्थित रहे। सभी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से भी उचित सहायता दिलवाने की मांग रखी। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की मदद करना सभी की जिम्मेदारी है और युवा कांग्रेस हमेशा आमजन के साथ खड़ी रहेगी।

एक नजर में — भाजपा मंडल झाबुआ के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# पं. दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन प्रेरणा और आदर्शों से भरा है : जिलाध्यक्ष भूरिया

**झाबुआ।** देश एवं प्रदेश व्यापी प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत 13 मार्च, शुक्रवार से भाजपा मंडल झाबुआ द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित अंबा पैलेस पर हुआ। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी योगेन्द्र नाहर ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दौलत भावसार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मणसिंह नायक एवं ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।



इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव एवं जिला महामंत्री विजय चौहान भी मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रारंभ में भारत माता, भाजपा के जनक पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन किया। अतिथियों का स्वागत भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं स्वागत उद्बोधन भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक द्वारा दिया गया।पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया।

### पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत प्रथम दिवस 13 मार्च, शुक्रवार को प्रथम सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया एवं द्वितीय सत्र में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कृष्णपालसिंह गंगाखेडी ने उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला एवं कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन प्रेरणा और आदर्शों से भरा हुआ है। हम सभी को उनके जीवन से सीखने और उनके आदर्शों को जीवन में अंगीकार करने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी- कार्यकर्ताओं का पार्टी का दुपट्टा बनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।